भारत सरकार

GOVERNMENT OF INDIA

परिणाम बजट

OUTCOME BUDGET

2016-2017

विधि और न्याय मंत्रालय

Ministry of Law and Justice

अनुक्रमणिका

क्र.सं.	अध्याय	विषय	पृष्ठ
1.	I.	कृत्य और संगठनात्मक गठन	1–9
2.	II.	वित्तीय और परिणाम बजट	10–11
3.	III.	सुधार उपाय और नीति संबंधी पहल	12–24
4.	IV.	निर्धारित किए गए लक्ष्यों की समीक्षा	25–33
5.	V.	वित्तीय समीक्षा और व्यय की प्रवृत्तियां	34
6.	VI.	सांविधिक और स्वायत्त निकायों के कार्य निष्पादन की समीक्षा	35–43
7.	उपाबंध–I	संगठनात्मक चार्ट, विधि कार्य विभाग	44
8.	उपाबंध–II	संगठनात्मक चार्ट, न्याय विभाग	45
9.	उपाबंध–III	संगठनात्मक चार्ट, न्याय विभाग	46
10.	उपाबंध–IV	वित्तीय परिव्यय, प्राक्कलित वास्तविक निष्कर्ष एवं प्राक्कलित/बजटीय परिणाम	47–55
11.	उपाबंध–V	योजनागत/योजनेतर स्कीमों के संबंध में लक्ष्यों की तुलना	56–62
12.	उपाबंध–VI	मांग सं. 64 वित्तीय समीक्षा और व्यय की प्रवृत्तियों का स्कीम–वार विवरण	63
13.	उपाबंध–VII	कुटुम्ब न्यायालय से संबंधित विवरण तालिका	64
14.		2015–16 अनुदान उपशीर्ष पर व्यय का विवरण	75–71
15.		शीर्षवार व्यय का विवरण	72–73

अध्याय 1

कृत्य और संगठनात्मक गठन

संघ के विधि और न्याय मंत्रालय में तीन विभाग हैं, अर्थात् विधि कार्य विभाग, विधायी विभाग और न्याय विभाग और उक्त विभागों के माध्यम से मंत्रालय संविधान में अधिकथित उद्देश्यों की पूर्ति की दिशा में क्रमिक परिवर्तन की प्रक्रिया में सहायता करता है ।

2. जहां तक सरकार के क्रमश: विधायी कारबार तथा मंत्रालयों/विभागों को विधिक मामलों में सलाह देने का संबंध है, विधायी विभाग और विधि कार्य विभाग सेवा प्रदाता के रूप में कार्य करते हैं । इस प्रकार उक्त दोनों विभागों के पास ऐसी कोई विनिर्दिष्ट स्कीमें नहीं हैं, जिन्हें विनिर्दिष्ट और परिमाणात्मक कार्यपालन के रूप में निष्पादित किया जा सके ।

2. विधि कार्य विभाग

कृत्य और उत्तरदायित्व

1. भारत सरकार (कार्य आबंटन) नियम, 1961 के अनुसार इस विभाग को निम्नलिखित कार्य मदों का आबंटन किया गया है:--

(क) मंत्रालयों को विधिक विषयों पर सलाह देना, जिसके अंतर्गत संविधान और विधियों का निर्वचन, हस्तांतरण-लेखन कार्य और उच्च न्यायालयों तथा अधीनस्थ न्यायालयों में ऐसे मामलों में, जिनमें भारत संघ एक पक्षकार है, भारत संघ की ओर से उपसंजात होने के लिए काउंसेल नियोजित करना शामिल है ।

(ख) भारत के महान्यायवादी, भारत के महासालिसिटर और राज्यों की बाबत केन्द्रीय सरकार के अन्य विधि अधिकारी, जिनकी सेवाओं का उपयोग भारत सरकार के मंत्रालयों द्वारा समान रूप से किया जाता है ।

(ग) केन्द्रीय सरकार और केन्द्रीय अभिकरण स्कीम में भाग लेने वाली राज्य सरकारों की ओर से उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालयों में मामलों का संचालन करना ।

(घ) सिविल वादों में समनों की तामील, सिविल न्यायालयों की डिक्री के निष्पादन, भरणपोषण के आदेशों के प्रवर्तन और भारत में मृत विदेशी व्यक्तियों की संपदाओं के प्रशासन के लिए विदेशों के साथ पारस्परिक प्रबंध करना।

(ङ) संविधान के अनुच्छेद 299(1) के अधीन राष्ट्रपति की ओर से संविदाओं के निष्पादन और संपत्ति के हस्तांतरण-पत्रों के लिए अधिकारियों को प्राधिकृत करना तथा केन्द्रीय सरकार द्वारा किए गए या उसके

विरुद्ध किए गए वादों में वाद-पत्रों या लिखित कथनों पर हस्ताक्षर करने और उन्हें सत्यापित करने के लिए अधिकारियों को प्राधिकृत करना ।

(च) भारतीय विधि सेवा ।

(छ) सिविल विधि के मामलों में विदेशों के साथ संधि और करार करना ।

(ज) विधि आयोग।

(झ) अधिवक्ता अधिनियम, 1961 (1961 का 25)सहित विधि व्यवसाय और उच्च न्यायालयों के समक्ष विधि व्यवसाय करने के लिए हकदार व्यक्ति।

(ञ) उच्चतम न्यायालय की अधिकारिता की परिधि को बढ़ाना और उसे और अधिक शक्तियां प्रदान करना; उच्चतम न्यायालय के समक्ष विधि व्यवसाय करने के लिए पात्र व्यक्ति; भारत के संविधान के अनुच्छेद 143 के अधीन उच्चतम न्यायालय को निर्देश।

(ट) नोटरी अधिनियम, 1952 (1952का 53)का प्रशासन ।

(ठ) आय-कर अपीलीय अधिकरण ।

(ड) विदेशी मुद्रा अपील अधिकरण ।

2. विभाग को निम्नलिखित अधिनियमों के प्रशासन का कार्य भी सौंपा गया है:-

(क) अधिवक्ता अधिनियम, 1961

(ख) नोटरी अधिनियम, 1952

(ग) अधिवक्ता कल्याण निधि अधिनियम, 2001

(घ) राष्ट्रीय कर अधिकरण अधिनियम, 2005

3. यह विभाग विदेशी मुद्रा अपील अधिकरण, आय-कर अपीलीयअधिकरण, राष्ट्रीय कर अधिकरण और भारत के विधि आयोग का प्रशासनिक प्रभारी भी है । यह विभाग भारतीय विधि सेवा से संबंधित सभी विषयों से भी प्रशासनिक रूप से संबद्ध है । इसके अतिरिक्त, यह विधि अधिकारियों, अर्थात भारत के महान्यायवादी, भारत के महासालिसिटर और भारत के अपर महासालिसिटरों की नियुक्ति से भी जुड़ा है । विधि के क्षेत्र में अध्ययन और शोध को बढ़ावा देने व वैकल्पिक विवाद समाधान तंत्र को प्रोत्साहन देने तथा विधि व्यवसाय में सुधार लाने के उद्देश्य से यह विभाग इन क्षेत्रों में कार्य कर रहे कुछ संस्थानों जैसे कि भारतीय विधि संस्थान, अंतरराष्ट्रीय वैकल्पिक विवाद समाधान केन्द्र, संवैधानिक एवं संसदीय अध्ययन संस्थान तथा भारतीय बार काउंसिल को सहायता अनुदान प्रदान करता है।

3. संगठन की संरचना

विधि कार्य विभाग की व्यवस्था दो सोपानों में है, अर्थात नई दिल्ली स्थित मुख्य सचिवालय और मुम्बई, कोलकाता, चेन्नै एवं बंगलूरु स्थित शाखा सचिवालय ।विभाग के कर्तव्यों की प्रकृति को मुख्यत: दो क्षेत्रों में वर्गीकृत किया जा सकता है—सलाह कार्य और मुकदमा संबंधी कार्य । विभाग का संगठनात्मक चार्ट **उपाबंध-1** में दिया गया है।

(क) मुख्य सचिवालय-:

(1) मुख्य सचिवालय में अधिकारियों की जो व्यवस्था है, उसके अन्तर्गत विधि सचिव, अपर सचिव, संयुक्त सचिव एवं विधि सलाहकार तथा विभिन्न स्तरों पर अन्य विधि सलाहकार हैं। विधिक सलाह देने और हस्तांतरण-लेखन से संबंधित कार्य को अधिकारियों के समूहों में वितरित किया गया है।सामान्यत:, प्रत्येक समूह का प्रधान एक अपर सचिव या संयुक्त सचिव एवं विधि सलाहकार होता है, जिसकी सहायता के लिए विभिन्न स्तरों पर अन्य विधि सलाहकार हैं ।

(2) उच्चतम न्यायालय में भारत सरकार के सभी मंत्रालयों/विभागों और कुछ संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों की ओर से मुकदमा-कार्य का संचालन केन्द्रीय अभिकरण अनुभाग करता है। इस समय इस अनुभाग के प्रधान एक अपर सचिव हैं।

(3) दिल्ली उच्च न्यायालय में भारत सरकार के सभी मंत्रालयों/विभागों की ओर से मुकदमा-कार्य का संचालन मुकदमा (उच्चन्यायालय) अनुभाग करता है। इस समय इस अनुभाग के प्रधान एक उप विधि सलाहकार हैं ।

(4) दिल्ली में अधीनस्थ न्यायालयों में मुकदमा संबंधी कार्य की देखभाल मुकदमा (निचला न्यायालय) अनुभाग करता है । इस समयइस अनुभाग के प्रधान एक सहायक विधि सलाहकार हैं।

(5) विभाग में एक विशेष सेल अर्थात् कार्यान्वयन सेल है जिसका कार्य विधि आयोग की सिफारिशों को क्रियान्वित करने तथा अधिवक्ता अधिनियम, 1961के प्रशासन से संबंधित कार्य करना है । यह विधि व्यवसाय से संबंधित कार्य भी देखता है । यह सेल राष्ट्रीय कर अधिकरण अधिनियम, 2005 का कार्य भी देखता है और इसे सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के अधीन समन्वय का कार्य भी सौंपा गया है।

(6) रेलवे बोर्ड और दूरसंचार विभाग प्रत्येक में संयुक्त सचिव एवं विधि सलाहकार का एक-एक स्वीकृत पद है और इन पदों के पदधारी उक्त कार्यालयों में ही कार्य करते हैं। लोक उद्यम विभाग में भी संयुक्त सचिव एवं विधि सलाहकार का एक पद स्वीकृत है और पदधारी अधिकारी उक्त विभाग में माध्यस्थम के स्थायी तंत्र की स्कीम के अधीन मध्यस्थ के रूप में कार्य करता है। एक उप विधि सलाहकार पूर्ति और निपटान महानिदेशालय में माध्यस्थम के मामलों में मध्यस्थ के रूप में कार्य करता है। इसके अतिरिक्त, एक उप विधि सलाहकार रक्षा मंत्रालय

के अधीन सेना क्रय संगठन में कार्य करता है और विभिन्न स्तरों के कुछ पद, जैसे कि अपर विधि सलाहकार, उप विधि सलाहकार और सहायक विधि सलाहकार, रक्षा मंत्रालय, श्रम मंत्रालय, शहरी विकास मंत्रालय और पूर्ति और निपटान महानिदेशालयमें भी हैं ।

(ख) शाखा सचिवालय, मुंबई

विभाग का मुंबई स्थित शाखा सचिवालय बम्बई उच्च न्यायालय से संबंधित मुकदमा कार्य और संपूर्ण पश्चिमी क्षेत्र के अन्य अधीनस्थ न्यायालयों से संबंधित मुकदमा कार्य का संचालन करता है और विधिक सलाह देता है।

वर्तमान में, इस मुंबई स्थित शाखा सचिवालय के प्रधान एक संयुक्त सचिव एवं विधि सलाहकार हैं। उनकी सहायता के लिए एक वरिष्ठ सरकारी अधिवक्ता, दो अपर सरकारी अधिवक्ता, एक सहायक विधि सलाहकार और दो अधीक्षक (विधि), एक अनुभाग अधिकारी/डीडीओ और अन्य कर्मचारी हैं।

(ग) शाखा सचिवालय, कोलकाता

इस विभाग का शाखा सचिवालय, कोलकाता कलकत्ता उच्च न्यायालय में तथा पोर्ट ब्लेयर स्थित उसकी सर्किट बेंच में और पूर्वी क्षेत्र के 12 राज्यों के अन्य उच्च न्यायालयों व अधीनस्थ न्यायालयों में भारत संघ के मुकदमा कार्य को देखता है। यह शाखा सचिवालय केंद्रीय प्रशासनिक अधिकरण के कोलकाता पीठ में और कटक, गुवाहाटी, पटना स्थित उसके अन्य पीठों तथा सिक्किम ओर अंडमान व निकोबार द्वीप समूह में उसके सर्किट बेंच में केंद्र सरकार के कर्मचारियों के सेवा संबंधी मामलों को भी देखता है।

शाखा सचिवालय,कोलकाता के प्रधान एक वरिष्ठ सरकारी अधिवक्ताहैं,जो समग्र प्रभारी के तौर पर भी कार्य करते हैं।उनकी सहायता के लिए एक अपर सरकारी अधिवक्ता,एक सहायक विधि सलाहकार और एक अनुभाग अधिकारी /डीडीओ तथा अन्य कर्मचारी हैं ।

(घ) शाखा सचिवालय, चेन्नै

चेन्नै स्थित शाखा सचिवालय के प्रधान एक उप विधि सलाहकार हैं। उनकी सहायता के लिए एक सहायक विधि सलाहकार और एक अनुभाग अधिकारी तथा अन्य कर्मचारी हैं ।

(ड.) शाखा सचिवालय, बंगलूरु

बंगलूरु स्थित शाखा सचिवालय के प्रधान एक उप विधि सलाहकार हैं । उनकी सहायता के लिए दो सहायक विधि सलाहकार और एक अनुभाग अधिकारी तथा अन्य कर्मचारी हैं।

जहां तक संघीय सरकार के विधायी कारबार का संबंध है, विधायी विभाग मुख्य रूप से एक सेवा प्रदाता के

रूप में कार्य करता है । इसलिए इसके पास ऐसी विशिष्ट स्कीमें नहीं हैं, जिन्हें विनिर्दिष्ट और परिमाणात्मक कार्यपालन के रूप में निष्पादित किया जा सके । तथापि, एक सेवा प्रदाता के रूप में यह विभाग विभिन्न प्रशासनिक विभागों तथा मंत्रालयों के विधायी प्रस्तावों को सुगम एवं त्वरित रूप से संसाधित करने का कार्य सुनिश्चित करता है ।

4. विधायी विभाग

विधायी विभाग से मुख्य रूप से संबंधित विशय–वस्तुओं की रूपरेखा निम्नानुसार है :

(i) सभी विधायी प्रस्तावों के संबंध में मंत्रिमंडल के लिए टिप्पणों की प्रारूपण एवं सांविधानिक दृष्टि से संवीक्षा करना ;

(ii) सभी सरकारी विधेयकों को, जिनके अंतर्गत संविधान (संशोधन) विधेयक भी हैं, संसद में पुरःस्थापित करने से पहले उनका प्रारूपण तैयार करना, हिन्दी में उनका अनुवाद करना और विधेयकों के अंग्रेजी और हिन्दी, दोनों पाठ लोक सभा तथा राज्य सभा सचिवालय को भेजना ; विधेयकों में सरकारी संशोधनों का प्रारूप तैयार करना, गैर-सरकारी संशोधनों की संवीक्षा करना और प्रशासनिक विभागों तथा मंत्रालयों को यह विनिश्चय करने में सहायता देना कि गैर-सरकारी संशोधन स्वीकार किए जाने योग्य हैं या नहीं ;

(iii) अधिनियमित किए जाने से पहले विधेयक जिन प्रक्रमों से होकर गुजरता है उन सभी प्रक्रमों पर संसद, संसद की संयुक्त, प्रवर तथा स्थायी समितियों की सहायता करना । इसके अंतर्गत समितियों के लिए रिपोर्टों तथा पुनरीक्षित विधेयकों की संवीक्षा करना और उन्हें तैयार करने में सहायता देना भी भाामिल है ;

(iv) राष्ट्रपति द्वारा प्रख्यापित किए जाने वाले अध्यादेशों का प्रारूप तैयार करना ;

(v) जिन राज्यों में राष्ट्रपति शासन हो, उनके संबंध में राष्ट्रपति के अधिनियमों के रूप में अधिनियमित किए जाने वाले विधान का प्रारूप तैयार करना ;

(vi) राष्ट्रपति द्वारा बनाए जाने वाले विनियमों का प्रारूप तैयार करना ;

(vii) सांविधानिक आदेशों अर्थात् उन आदेशों का प्रारूप तैयार करना, जिनका संविधान के अधीन जारी किया जाना अपेक्षित है ;

(viii) सभी कानूनी नियमों, विनियमों, आदेशों, अधिसूचनाओं, संकल्पों और स्कीमों, आदि की संवीक्षा और विधीक्षा करना तथा हिंदी में उनका अनुवाद करनाय

(ix) समवर्ती क्षेत्र के ऐसे राज्य विधान की संवीक्षा करना, जिसके लिए संविधान के अनुच्छेद 254 के अधीन राष्ट्रपति की अनुमति अपेक्षित है ;

(x) संघ राज्यक्षेत्रों के विधान-मंडलों द्वारा अधिनियमित किए जाने वाले विधानों की संवीक्षा करना;

(xi) संसद, राज्यों और संघ राज्यक्षेत्रों के विधान-मंडलों, राष्ट्रपति और उप राष्ट्रपति के पदों के लिए निर्वाचन ;

(xii) निर्वाचनों में हुए व्यय का केंद्र और राज्यों/विधान-मंडल वाले संघ राज्यक्षेत्रों के बीच प्रभाजन ;

(xiii) भारत निर्वाचन आयोग और निर्वाचन सुधार ;

(xiv) लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950; लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951; निर्वाचन आयोग (निर्वाचन आयुक्त सेवा-शर्त और कारबार का संव्यवहार) अधिनियम, 1991 का प्रशासन ;

(xv) निर्वाचन आयोग (निर्वाचन आयुक्त सेवा–शर्त और कारबार का संव्यवहार) अधिनियम, 1991 के अधीन मुख्य निर्वाचन आयुक्त और अन्य निर्वाचन आयुक्तों से संबधित विशय ;

(xvi) संसदीय एवं विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन संबंधी मामले ;

(xvii) संविधान की सातवीं अनुसूची की समवर्ती सूची के अंतर्गत स्वीय विधियों, संपत्ति अंतरण, संविदाओं, साक्ष्य और सिविल प्रक्रिया आदि से संबंधित विषयों पर विधान ;

(xviii) संघ एवं राज्य सरकारों आदि के अधिकारियों को विधायी प्रारूपण में प्रशिक्षण प्रदान करना ;

(xix) केन्द्रीय अधिनियमों, अध्यादेशों और विनियमों का प्रकाशन तथा हिन्दी और संविधान की आठवीं अनुसूची में विनिर्दिष्ट अन्य भाषाओं में उनके प्राधिकृत अनुवादों का प्रकाशन करना और विधिक तथा कानूनी दस्तावेजों का भी अनुवाद करना ।

(xx) सांविधिक, सिविल तथा दांडिक विधियों से संबंधित मामलों में उच्चतम न्यायालय तथा उच्च न्यायालय के चयनित निर्णयों के हिन्दी अनुवाद का पत्रिकाओं के रूप में प्रकाशन'

2. विधायी विभाग के नियन्त्रणाधीन कोई कानूनी या स्वशासी निकाय नहीं है । इसके अधीन दो अन्य खंड हैं अर्थात्, राजभाषा खंड और विधि साहित्य प्रकाशन, जो विधि के क्षेत्र में हिन्दी और अन्य राजभाषाओं के प्रसार के लिए उत्तरदायी हैं ।

(क) विधायी विभाग का **राजभाषा खंड** मानक विधि शब्दावली तैयार करने और प्रकाशित करने और राजभाषा अधिनियम, 1963 के अधीन यथाअपेक्षित संसद में पुरःस्थापित किए जाने वाले सभी विधेयकों, सभी केन्द्रीय अधिनियमों, अध्यादेशों, अधीनस्थ विधानों आदि का हिन्दी में अनुवाद करने के लिए उत्तरदायी है । यह खंड प्राधिकृत पाठ (केन्द्रीय विधि) अधिनियम, 1973 के अधीन यथाअपेक्षित संविधान की आठवीं अनुसूची में विनिर्दिष्ट राजभाषाओं में केन्द्रीय अधिनियमों, अध्यादेशों आदि के अनुवाद की व्यवस्था करने के लिए भी उत्तरदायी है । राजभाषा खंड, हिन्दी और अन्य क्षेत्रीय भाषाओं के संवर्धन और प्रसार में लगे विभिन्न रजिस्ट्रीकृत स्वैच्छिक संगठनों और ऐसे संगठनों को, जो प्रत्यक्ष रूप से विधिक साहित्य के प्रकाशन और विधि के क्षेत्र में हिन्दी तथा अन्य क्षेत्रीय भाषाओं के प्रसार में लगे हैं, सहायता अनुदान भी जारी करता है ।

(ख) **विधि साहित्य प्रकाशन** प्रमुख रूप से उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालयों के प्रतिवेद्य निर्णयों के प्राधिकृत हिन्दी पाठ प्रकाशित करने से संबद्ध है, जिसका उद्देश्य विधि के क्षेत्र में हिन्दी के प्रगामी प्रयोग का संवर्धन करना है । इस संबंध में, विधि साहित्य प्रकाशन हिन्दी में विधि साहित्य के विभिन्न प्रकाशन निकालता है। हिन्दी में उपलब्ध विधि साहित्य के व्यापक प्रचार एवं विक्रय हेतु यह विभिन्न राज्यों के उच्च न्यायालयों, जिला न्यायालयों तथा विधि महाविद्यालयों में प्रदर्शनियां भी लगाता है । हिन्दी में विधि पुस्तकों के लेखन, अनुवाद एवं प्रकाशन तथा पाठ्य पुस्तक अथवा संदर्भ पुस्तक के रूप में प्रयोग हेतु ऐसी पुस्तकों को पुरस्कार प्रदान करने की स्कीम के अंतर्गत 5,00,000/- (पांच लाख रू. मात्र) तक के पुरस्कार प्रदान किए जाते हैं। इस स्कीम के अंतर्गत, हिन्दी में उत्कृश्ट प्रका ान के लिए वार्शिक रूप से रू. 50,000/- (पचास हजार रू. मात्र) के प्रथम पुरस्कार,रू. 30,000/- (तीस हजार रू. मात्र) के द्वितीय पुरस्कार तथा रू. 20,000/- (बीस हजार रू. मात्र) के तृतीय पुरस्कार प्रदान किए जाते हैं।

3. विधायी विभाग के संगठनात्मक गठन में सचिव, अपर सचिव, संयुक्त सचिव और विधायी परामर्शी, अपर विधायी परामर्शी, उप विधायी परामर्शी तथा सहायक विधायी परामर्शी सम्मिलित हैं । सभी प्रकार के प्रमुख विधानों के संबंध में विधायी प्रारूपण और विभिन्न कानूनों के तहत अधीनस्थ विधान की संवीक्षा और विधीक्षा से संबंधित कार्य अधिकारियों के समूहों को वितरित किए गए हैं । प्रत्येक समूह का प्रधान एक संयुक्त सचिव और विधायी परामर्शी अथवा अपर सचिव होता है जिसकी सहायता विभिन्न स्तरों पर अनेक विधायी परामर्शी करते हैं । सचिव मुख्य संसदीय परामर्शी के रूप में कार्य करते हैं तथा अपर सचिव सभी अधीनस्थ विधानों के प्रभारी हैं । विधायी विभाग (मुख्य) का संगठनात्मक चार्ट **उपबंध II** पर है ।

5. न्याय विभाग

न्याय विभाग (डी.ओ.जे.), विधि एवं न्याय मंत्रालय (एम.ओ.एल.एंड जे.) का एक अंग है। न्याय विभाग को गृह मंत्रालय (एम.एच.ए.) द्वारा भी प्रशासनिक सहायता उपलब्ध कराई जा रही है।

भारत सरकार (कार्य संचालन) नियमावली, 1961 के अनुसार, न्याय विभाग द्वारा किए जा रहे विषयों में निम्नलिखित शामिल हैं:-

1. भारत के मुख्य न्यायाधीश और भारत के उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीशों की नियुक्ति, त्यागपत्र तथा उन्हें पद से हटाना; उनका वेतन, अनुपस्थिति की अनुमति संबंधी अधिकार (अवकाश भत्तों सहित), पेंशन और यात्रा संबंधी भत्ते।
2. राज्यों के उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायाधीश और न्यायाधीशों की नियुक्ति, त्यागपत्र तथा पद से हटाना आदि, उनका वेतन, अनुपस्थिति की अनुमति संबंधी अधिकार (अवकाश भत्तों सहित), पेंशन और यात्रा संबंधी भत्ते।
3. संघ राज्य क्षेत्रों में न्यायिक आयुक्तों और न्यायिक अधिकारियों की नियुक्ति।
4. उच्चतम न्यायालय का संघटन और संगठन (क्षेत्राधिकार और शक्तियों को छोड़कर) (किन्तु इस प्रकार के न्यायालय की अवमानना सहित) तथा उनमें लिया जाने वाला शुल्क।
5. इन न्यायालयों के अधिकारियों और कर्मचारियों से संबंधित प्रावधानों को छोडकर उच्च न्यायालयों और न्यायिक आयुक्तों के न्यायालयों का गठन और आयोजन।
6. संघ राज्य क्षेत्रों में न्याय का प्रशासन और न्यायालयों का गठन और आयोजन तथा इस प्रकार के न्यायालयों में लिया जाने वाला शुल्क।
7. संघ राज्य क्षेत्रों में न्यायालय शुल्क और स्टाम्प ड्यूटी।
8. अखिल भारतीय न्यायिक सेवा का सृजन।

9. जिला न्यायाधीशों और संघ राज्य क्षेत्रों की उच्चतर न्यायिक सेवा के अन्य सदस्यों की सेवा संबंधी शर्तें।
10. किसी उच्च न्यायालय के क्षेत्राधिकार का किसी संघ राज्य क्षेत्र तक विस्तारित करना अथवा किसी उच्च न्यायालय के क्षेत्राधिकार से किसी संघ राज्य क्षेत्र को बाहर रखना।
11. गरीबों को विधिक सहायता
12. न्याय प्रशासन
13. न्याय तक पहुंच, न्याय प्रदायगी एवं विधिक सुधार

संगठनात्मक ढांचा

विभाग के प्रमुख सचिव हैं जो भारतीय प्रशासनिक सेवा (आई.ए.एस.) के वरिष्ठ अधिकारी है। इसके संगठनात्मक ढांचे में दिनाँक 01-01-2016 की स्थिति के अनुसार सचिव (न्याय) के अतिरिक्त, चार संयुक्त सचिव, छः निदेशक/उप सचिव और सात अवर सचिव शामिल हैं। उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालयों के न्यायाधीशों की नियुक्ति से जुड़े मामलों के अतिरिक्त, इस विभाग को हाल ही में गठित न्याय प्रदायगी एवं विधिक सुधार संबंधी राष्ट्रीय मिशन, न्यायपालिका और ई न्यायालय के लिए आधारभूत सँरचना के विकास के लिए केंद्र द्वारा प्रायोजित योजना सहित योजनागत एवं योजनेतर स्कीमों के कार्यान्वयन एवं उनकी निगरानी का कार्य भी सौंपा गया है। विभाग का वर्तमान संगठनात्मक ढांचा उपाबंध **III** पर है।

विभाग द्वारा कार्यान्वित और अनुश्रवणित योजनाएं

न्याय विभाग द्वारा क्रियान्वित और निगरानी की जा रही योजनाएं निम्नानुसार हैं:-

योजनागत स्कीमें

न्याय प्रदायगी और विधिक सुधार संबंधी राष्ट्रीय मिशन स्थापित किया गया है और इसकी अवधि 12वीं पंचवर्षीय योजना के साथ-साथ है। यह उन मुद्दों के निराकरण का एक मंच प्रदान करता है जो न्यायपालिका के निष्पादन को प्रभावित करते हैं। राष्ट्रीय मिशन में जोर दिया जाने वाला क्षेत्र अधीनस्थ न्यायपालिका में आधारभूत संरचना का विकास है। निम्नलिखित अन्य स्कीमें/कार्यक्रम भी राष्ट्रीय मिशन के लक्ष्यों में सहायता प्रदान करते हैं:-

(i) न्यायपालिका के लिए अवसंरचना संबंधी सुविधाओं के विकास हेतु केन्द्रीय प्रायोजित योजना*

(ii) जिला एवं अधीनस्थ न्यायालयों/ ई-न्यायालय के कंप्यूटरीकरण की योजना।

(iii) न्याय तक पहुंच - भारत सरकार

(iv) भारत में न्याय तक पहुंच को सुदृढ करना (एसएजेआई)(ईएपी)

(v) न्यायिक सुधार संबंधी कार्य अनुसंधान और अध्ययन

न्यायपालिका के लिए आधारपूर्व सुविधाओं के विकास और राज्य सरकारों को ग्राम न्यानालयों की स्थापना और उनके संचालन की लिए सहायता देने की केंदीय प्रायोजित योजना

योजनेतर स्कीमें

न्याय विभाग द्वारा कार्यान्वित एवं अनुश्रवणित योजनेतर स्कीमें निम्नानुसार हैं।

1. विधिक सहायता कार्यक्रमों के कार्यांवयन का अनुश्रवण और मूल्यांकन करने और अधिनियम 1987 के अंतर्गत विधिक सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए नीतियां और सिद्धान्त निर्धारित करने के लिए राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण को सहायता-अनुदान।
2. कुटुम्ब न्यायालयों को संचालित करने के लिए राज्यों को विनिर्दिष्ट दरों पर केन्द्रीय सहायता।
3. राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी, भोपाल को इसके संचालन व्यय को पूरा करने हेतु सहायता अनुदान।

न्याय विभाग द्वारा कार्यान्वित योजनागत एवं योजनेतर स्कीमें और इसके द्वारा संभाले जाने वाले विषयों का लक्ष्य सुगठित न्यायिक प्रशासन को सुकर बनाने, न्यायालयों में मामलों के बैकलॉग एवं yacu को कम करने के लिए उच्च न्यायालयों एवं राज्यों को सहायता मुहैया कराना है।

अध्याय 2

वित्तीय और परिणाम बजट

वर्ष 2016-17 के लिए अनुदान संख्या 56- विधि और न्याय के संबंध में स्कीम-वार बजट आबंटनों का सारणीबद्ध प्रारूप निम्नलिखित अनुसार है:

(रुपए करोड़ में)

			बजट अनुमान, 2016-17		
		मुख्य शीर्ष	योजना	गैर-योजना	योग
क्र.सं.	अनुदान सं. 56	राजस्व	900.00	4111.99	5011.99
		पूंजी	0.00	88.01	88.01
		योग	900.00	4200.00	5100.00
1	सचिवालय-साधारण सेवाएं	2052	0.00	126.81	126.81
2	राज्य निर्वाचन के अंग				
	2.01-लोकसभा और राज्य/संघ राज्य क्षेत्रों के लिए निर्वाचन	2015	0.00	1761.43	1761.43
	2.02-अन्य निर्वाचन व्यय	2015	0.00	1847.86	1847.86
	2.03-मतदाताओं को पहचान पत्र जारी करना	2015	0.00	40.00	40.00
	योग		0.00	3649.29	3649.29
3	कर अधिकरण				
	3.01-आयकर अपीलीय अधिकरण	2020	0.00	73.47	73.47
	3.02-राष्ट्रीय कर अधिकरण	2020	0.00	0.01	0.01
	योग		0.00	73.48	73.48
4	राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा)	2014	0.00	140.00	140.00
5	अन्य कार्यक्रम	2070	0.00	21.21	21.21
		2014	5.00	101.19	106.19
6	न्याय प्रदायन और विधिक सुधारों के लिए राष्ट्रीय मिशन (केंद्रीय क्षेत्र की योजना)				
	6.01-ई-न्यायालय फेस-II	2014	256.00	0.00	256.00
	6.02- न्यायिक सुधारों के बारे में कार्य अनुसंधान और अध्ययन	2014	9.00	0.00	9.00
	6.03-भारत में न्याय तक पहुंच को सुदृढ़ बनाना (एस.ए.जे.आई.)	2014	5.00	0.00	5.00
	योग		270.00	0.00	270.00
7	राज्यों / संघ राज्य क्षेत्रों हेतु बुनियादी सुविधाओं के विकास के लिए योजना				
	7.01-राज्य सरकारों को सहायता अनुदान	3601	455.00	0.01	455.01
	7.02- ग्राम न्यायालय	3601	5.00	0.00	5.00
	7.03- संघ राज्य क्षेत्रों को सहायता अनुदान	3601	75.00	0.00	75.00
	7.04- पूर्वोत्तर क्षेत्रों को सहायता अनुदान	3602	90.00	0.00	90.00
	योग		625.00	0.01	625.01
8	पूंजी	4070	0.00	88.01	88.01
	योग		900.00	4200.00	5100.00

अध्याय- II

भाग- II

वित्तीय और परिणाम बजट के बीच तदनुरूपता स्थापित करने के लिए बजट अनुमानों के विवरण के उर्ध्वाकार (वर्टिकल) संकुचन और क्षैतिज (होरिजेंटल) विस्तार को दर्शाने वाला तालिकाबद्ध प्रारूप (वर्ष 2016-17 के लिए न्याय विभाग के लिए प्रस्तावित बजटीय आबंटन निम्नानुसार हैं) (रुपए करोड़ में)

	शीर्ष	**2016-17** का बजट		
		योजना	गैर-योजना	योग
	राजस्व			
सचिवालय-सामान्य सेवाएं				
न्याय विभाग, न्याय प्रदायन एवं विधिक सुधार सम्बंधी राष्ट्रीय मिशन सहित	2052	0.00	7.90 3.20	11.10
न्यायपालिका के लिए अवसंरचनात्मक सुविधाओं हेतु बिना विधानमंडल वाले संघ राज्य क्षेत्रों को सहायता अनुदान	2014	5.00	0.00	5.00
न्याय प्रदायन और विधिक सुधार संबंधी राष्ट्रीय मिशन की केंद्रीय क्षेत्र की योजना	2014	**270.00**	**0.00**	**270.00**
न्यायपालिका के लिए अवसंरचनात्मक सुविधाओं के विकास हेतु केन्द्रीय प्रायोजित योजना (सीएसएस)				
पूर्वोत्तर क्षेत्र के राज्यों से इतर राज्यों के लिए न्यायपालिका हेतु अवसंरचनात्मक सुविधाएं	3601	455.00	0.00	455.00
न्यायपालिका के लिए अवसंरचनात्मक सुविधाओं हेतु बिना विधानमंडल वाले और विधानमंडल वाले संघ राज्य क्षेत्रों को सहायता अनुदान	3602	75.00	0.00	75.00
अवसंरचनात्मक सुविधाओं के लिए सिक्किम सहित पूर्वोत्तर क्षेत्र के राज्यों को सहायता अनुदान	2552	90.00	0.00	90.00
ग्राम न्यायालयों की स्थापना और संचालन के लिए राज्यों को सहायता	3601	5.00	0.00	5.00
विशेष न्यायालय	3601	0.00	0.01	0.01
योग		**625.00**	**0.01**	**625.01**
न्याय प्रशासन				
राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी (एन जे ए)	2014	0.00	20.74	20.74
राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) (सहायता अनुदान)	2014	0.00	140 .00	140.00
राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा)	2052	0.00	8.65	8.65
योग		**0.00**	**169.39**	**169.39**
कुल योग		**900.00**	**180.50**	**1080.50**

2. वित्तीय परिव्ययों, सम्भावित वास्तविक परिणामों और सम्भावित / बजटीय परिणामों, चाहे वे मध्यवर्ती / आंशिक और अंतिम, जैसा भी मामला हो , के ब्यौरे **उपाबंध -IV** में दिए गए हैं। वर्ष 2016-17 के लिए न्याय विभाग की योजनागत स्कीमों के संबंध में लक्ष्यों की तुलना में उपलब्धियों को दर्शाने वाला विवरण **उपाबंध -V** में दिया गया है।

अध्याय-III
भाग-1
सुधार उपाय और नीति संबंधी पहल

1. विधायी विभाग

विधायी विभाग एक सेवा उन्मुख विभाग है और इस प्रकार उसके पास ऐसी कोई विनिर्दिष्ट स्कीमें नहीं हैं जिन्हें विनिर्दिष्ट भौतिक और परिमाणात्मक कार्य पालन से संबद्ध किया जा सके और मानीटर किए जा सकने योग्य कार्यपालन पैरामीटरों में निष्पादित किया जा सके। तथापि, विधायी विभाग द्वारा नीचे वर्णित कतिपय पहल की गई हैं ।

2. विधायी प्रारूपण एवं अनुसंधान संस्थान (आई.एल.डी.आर.)

विधायी प्रारूपण एक विशिष्ट कार्य है जिसमें प्रारूपण कौशल एवं विशेषज्ञता शामिल है। विधि प्रारूपण में कौशल को बढ़ाने के लिए सतत एवं निरंतर प्रयासों की आवश्यकता होती है। मौजूदा उपलब्ध व्यक्तियों को विधायी प्रारूपण में योग्यता और कौशल विकसित करने के लिए प्रशिक्षण और अभिमुखीकरण की आवश्यकता होती है । देश में प्रशिक्षित विधायी प्रारूपकारों की उपलब्धता में वृद्धि करने की दृष्टि से जनवरी, 1989 में विधायी प्रारूपण और अनुसंधान संस्थान (आई.एल.डी.आर.) की स्थापना विधि और न्याय मंत्रालय के विधायी विभाग के एक खण्ड के रूप में की गई थी। अपनी स्थापना के आरंभ से यह संस्थान विधायी प्रारूपण में सैद्धांतिक और व्यावहारिक प्रशिक्षण दे रहा है। अभी आई.एल.डी.आर. की पाठ्यक्रम निदेशक डॉ मुकुलिता विजयवर्गीय हैं जो संस्थान के नियंत्रक प्राधिकारी के रूप में भी कार्य करती हैं। 01.01.2015 से आज तक आई.एल.डी.आर. द्वारा निम्नलिखित कार्यों का निष्पादन किया गया है।

2. रिर्पोटाधीन अवधि के दौरान आई.एल.डी.आर. ने एक बुनियादी पाठ्यक्रम, एक मूल्यांकन पाठ्यक्रम तथा प्रथम पुनश्चर्या पाठ्यक्रम का आयोजन किया। विधायी प्रारूपण में सत्ताइसवें बुनियादी पाठ्यक्रम का आयोजन 10 जुलाई, 2015 से 9 अक्तूबर, 2015 के दौरान, विधायी प्रारूपण में अठारवें मूल्यांकन पाठ्यक्रम का आयोजन 19 जनवरी, 2015 से 2 फरवरी, 2015 के दौरान तथा प्रथम पुनश्चर्या पाठ्यक्रम का आयोजन 20 अप्रैल, 2015 से 19 मई, 2015 के दौरान किया गया था।

3. चेक गणराज्य, अल सल्वादोर, ईस्टोनिया, ईथोपिया, घाना, हंगरी, जमैका, जार्डन, इंडोनेशिया, केन्या, कज़ाकिस्तान, लिसोथो, लिथुआनिया, मंगोलिया, म्यांमार, नौरू, नेपाल, नाइजीरिया, ओमान, फिलीस्तीन, पैन अफ्रीकी संसद, दक्षिण अफ्रीका, स्वाज़ीलैंड, तंजानिया, तथा यूक्रेन के प्रशिक्षु अधिकारियों को आई.एल.डी.आर. द्वारा ऑन–दि–जॉब व्यवहारिक प्रभिक्षण प्रदान किया गया। इन्हें यह प्रभिक्षण संसदीय अध्ययन एवं प्रभिक्षण ब्यूरो, लोकसभा सचिवालय द्वारा आयोजित विधायी प्रारूपण में तीसवें अंतर्राश्ट्रीय प्रभिक्षण कार्यक्रम (12 फरवरी, 2015-13 मार्च, 2015) में विभाग के आई.एल.एस. अधिकारियों के साथ दिया गया था।

4. आई.एल.डी.आर. के अधिष्ठापन के सफलतापूर्वक 25 वर्ष पूरे होने तथा देश में विधायी परामर्शी भ्रातृसंघ को अपनी महत्वपूर्ण सेवाएं प्रदान करने के उपलक्ष्य में 19 फरवरी, 2015 को रजत जयंती समारोह का आयोजन किया गया था।

5. आई.एल.डी.आर., कानून के विद्यार्थियों के लिए स्वैच्छिक इंटर्नशिप स्कीम संचालित करता है ताकि विद्यार्थियों के मन में विधायी प्रारूपण के कौशल के बारे में रूचि पैदा हो सके तथा वे विधायी विभाग की प्रकृति एवं कार्यप्रणाली के बारे में जानकारी एकत्रित कर सके। रिपोर्टाधीन अवधि के दौरान अब तक 15 प्र ाक्षु सफलतापूर्वक इंटर्न ाप पूरी कर चुकें हैं।

6. विधायी विभाग के आर.एफ.डी. को तैयार कर लिया गया है तथा इसे अंतिम रूप देकर विभाग की वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है। मंत्रिमंडल सचिवालय का निष्पादन प्रबंधन प्रभाग (पीएमडी) आर.एफ.डी. की तैयारी तथा कार्यप्रणाली की निगरानी करता है। उत्कृष्ट निष्पादन का लक्ष्य प्राप्त करने हेतु विभाग आर.एफ.डी. 2014-2015 के अनुसार निर्धारित कार्य का निष्पादन कर रहा है। आर.एफ.डी. 2014-2015 में विभाग द्वारा दी गई वचनबद्धता के भाग के रूप में आई.एल.डी.आर. को आई.एस.ओ. सर्टिफिकेट प्रदान करवाने के लिए एक कार्य योजना तैयार की गई थी। तदोपरांत, एक गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली (क्यू.एम.एस.) तैयार की गई है जिसकी स्थापना आई.एल.डी.आर. में की गई है। तत्पश्चात, आंतरिक तथा बाह्य लेखा परीक्षा की गई तथा अंततः आई.एल.डी.आर. में क्यू.एम.एस. के संचालन के मूल्यांकन के आधार पर इसे आईएसओ 9001:2008 सर्टिफिकेट प्रदान किया गया है।

3. इलेक्ट्रॉनिक मतदान मशीन (ईवीएम)

मतपेटी के स्थान पर लाई गई इलेक्ट्रॉनिक मतदान मशीन (ईवीएम) मतदान प्रक्रिया का मुख्य आधार है। ईवीएम में दो इकाईयां होती हैं- कंट्रोल यूनिट (सी यू) तथा बैलट यूनिट (बी यू) जिसमें एक केबल (5 मी. लंबी) होती है जो दोनों को आपस में जोड़ती है। एक बैलट यूनिट में लगभग 16 उम्मीदवारों के नाम दर्ज किए जा सकते हैं। ईवीएम के विभिन्न प्रकार उपलब्ध हैं। इसे समय-समय पर विकसित किया गया है तथा अब यह और अच्छी स्थिति में आ गई है। पूर्व 2006 तथा उत्तर 2006 की की ईवीएम के मामले में 4 (चार) बैलट यूनिटों को एक साथ जोड़ कर अधिकतम 64 उम्मीदवारों (नोटा सहित) के नाम दर्ज किए जा सकते थे, जिसके लिए एक कंट्रोल यूनिट का प्रयोग किया जा सकता था। उत्तर 2006 की उन्नत ईवीएम के मामले में 24 (चौबीस) बैलट यूनिटों को एक साथ जोड़ कर 384 उम्मीदवारों (नोटा सहित) के नाम दर्ज किए जा सकते हैं, जिसके लिए एक कंट्रोल यूनिट का प्रयोग किया जा सकता है। यह 7.5 वोल्ट की पावर पैक बैटरी पर चलती है। उत्तर 2006 की उन्नत ईवीएम के मामले में, एक कंट्रोल यूनिट के साथ 4 से अधिक बैलट यूनिट जोड़ने की स्थिति में पावर पैक 5वीं, 9वीं, 13वीं, 17वीं तथा 21वीं बैलट यूनिट में लगाया जाता है। दृष्टिहीन मतदाताओं के मार्गदर्शन हेतु उम्मीदवारों के मतदान बटन के साथ बैलट यूनिट की दायीं ओर ब्रेल संकेतक में 1 से लेकर 16 तक के अंक उभरे होतें हैं। तदोपरांत, मतदान के अनुभव को नई उंचाइयों तक पहुंचाने के लिए निर्वाचन आयोग ने चुनिंदा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों में ईवीएम में मतदाता सत्यापनीय पेपर ऑडिट ट्रेल (वीवीपीएटी) लागू किया है।

ईवीएम के उन्नयन तथा निपटान संबंधी सभी मामलों में तकनीकी विशेषज्ञ समिति (टीईसी) से परामर्श किया जाता है। तत्पश्चात, इस मामले में कोई भी निर्णय लिया जाता है। वर्तमान समय में आयोग में प्रयोग हेतु ईवीएम के तीन प्रकार उपलब्ध हैं- पूर्व 2006, उत्तर 2006। उन्नत उत्तर 2006 (उत्तर 2013) ईवीएम का प्रयोग लोक सभा, 2014 के आम चुनाव में किया गया था।

चूंकि ईवीएम का जीवन लगभग 15 वर्षों का होता है, अतः वर्ष 1989-90 में बनी ईवीएम को नष्ट किया जा रहा है।

अभी तक ईवीएम का प्रापण किया गया है, उसका ब्यौरा निम्नानुसार हैः-

क्रम सं0	खरीद का वर्ष	कुल इलेक्ट्रॉनिक मतदान मशीन	स्वीकृत धनराशि (रुपयों में)
1.	1989-90	150000	750000000
2.	2000-2001	142631	1499880443
3.	2001-2002	135481	1422900000
4.	2002-2003	190592	2006100000
5.	2003-2004	336045	3530000000
6.	2004-2005	125681	1315400000
7.	2006-2007	250000	2893742332
8.	2008-2009	180000	1900000000
9.	2009-2010	100000 जमा 27000 बैलेट यूनिट	1139294685
10.	2013-14	382876 बैलेट यूनिट जमा 251651 कंट्रोल यूनिट	3116900000
11	2015-16		2555780633
	योग	**1610430 ई वी एम** **जमा 409876 बी यू** **जमा 251651 सी यू**	22129998093

वर्ष 2010-11, 2011-12, 2012-13 तथा 2014-15 के दौरान किसी भी ईवीएम का प्रापण नहीं किया गया था।

4. मतदाता सत्यापनीय पेपर ऑडिट ट्रेल (वीवीपीएटी):

वीवीपीएटी एक स्वतंत्र यंत्र है जो कि इलेक्टऊॅनिक वोटिंग मशीन के साथ लगा होता है जिससे मतदाता जांच सकता है कि मत उनके द्वारा चुने गए प्रत्याशी को ही गया है। जब मत डाला जाएगा, प्रिंटर द्वारा उम्मीदवार की क्रम संख्या, उम्मीदवार के नाम तथा उम्मीदवार के चुनाव चिह्न को दर्शाते हुए एक स्लिप मुद्रित होगी तथा 7 सेकंड के लिए पारदर्शी विंडो में दिखाई देगी। इसके पश्चात यह प्रिंटिड स्लिप अपने आप कट जाएगी तथा वीवीपीएटी के ड्रॉप बक्से में गिर जाएगी।

वीवीपीएटी में एक प्रिंटर तथा एक वीवीपीएटी स्टेटस डिस्प्ले यूनिट (वीएसडीयू) होता है। वीवीपीएटी 15 वोल्ट के एक पावर पैक (बैटरी) पर चलता है। कंट्रोल यूनिट और वीएसडीयू प्रसाइडिंग ऑफिसर/पोलिंग आफिसर के पास होती है तथा बैलट यूनिट और प्रिंटर वोटिंग कंपार्टमेंट में रखे जाते हैं।

वीवीपीएटी अभी तक निम्नलिखित चुनावों में प्रयुक्त हुई हैं।

क्रम सं.	राज्य का नाम	एसी/पीसी का नाम तथा संख्या	पोलिंग स्टेभान	मतदान की तिथि	निर्माता
नागालैंड विधानसभा क्षेत्र, 2013 में उपचुनावों के दौरान निम्नलिखित विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में **वीवीपीएटी का प्रयोग किया गया**					
1	नागालैंड	51–नोकसेन (एसटी) एसी (उपचुनाव)	21	4/9/2013	बीईएल और ईसीआईएल
मिजोरम विधानसभा क्षेत्र, 2013 के आम चुनावों के दौरान निम्नलिखित विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में **वीवीपीएटी का प्रयोग किया गया**					
2	मिजोरम	1. 10–आइजोल नार्थ–। (एसटी)		25/11/2013	ईसीआईएल
		2. 11–आइजोल नार्थ–।। (एसटी)			
		3. 12–आइजोल नार्थ–।।। (एसटी)			
		4. 13–आइजोल ईस्ट–। (एसटी)			
		5. 14–आइजोल ईस्ट–।। (एसटी)			
		6. 15–आइजोल वेस्ट–। (एसटी)			
		7. 16–आइजोल वेस्ट–।। (एसटी)			
		8. 17–आइजोल वेस्ट–।।। (एसटी)			
		9. 18–आइजोल साउथ–। (एसटी)			
		10. 19–आइजोल साउथ–।। (एसटी)			
क्रम सं.	राज्य का नाम	एसी/पीसी का नाम तथा संख्या	पोलिंग स्टेभान	मतदान की तिथि	निर्माता
राश्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली के विधानसभा क्षेत्र, 2013 के आम चुनावों के दौरान निम्नलिखित विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में **वीवीपीएटी का प्रयोग किया गया**					
3	राश्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली	40–नई दिल्ली एसी		4/12/2013	बीईएल
लोकसभा, 2014 के आम चुनावों के दौरान निम्नलिखित निर्वाचन क्षेत्रों में **वीवीपीएटी का प्रयोग किया गया**					
4	मिजोरम	1– मिजोरम पीसी के 385 पोलिंग स्टेभान	385	11/4/2014	बीईएल
5	बिहार	30– पटना साहिब पीसी	1746	17/4/2014	बीईएल
6	कर्नाटक	26–बंगलौर पीसी	1926	17/4/2014	बीईएल
7	छत्तीसगढ़	8–रायपुर पीसी	2204	24/4/2014	ईसीआईएल
8	तमिलनाडु	4– चेन्नई सेंट्रल पीसी	1153	24/4/2014	बीईएल
9	गुजरात	6–गांधीनगर पीसी	1770	30/4/2014	बीईएल
10	उत्तर प्रदेभा	35– लखनऊ पीसी	1728	30/4/2014	ईसीआईएल
11	पश्चिम बंगाल	22–जादवपुर पीसी	1959	12/5/2014	ईसीआईएल

महाराष्ट्र विधानसभा क्षेत्र, 2014 के आम चुनावों के दौरान सितंबर–अक्तूबर, 2014 में निम्नलिखित विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में वीवीपीएटी का प्रयोग किया गया					
12	महाराश्ट्र	38– अमरावती एसी	245	15/10/2014	ईसीआईएल
		42– अचलापुर एसी	290		
		47– वर्धा एसी	332		
		61– भंडारा (एससी)	429		
		71– चंद्रपुर (एससी)	336		
		78– यवतमाल	387		
		107– औरंगाबाद सेंट्रल	258		
		108– औरंगाबाद वेस्ट (एससी)	274		
		109– औरंगाबाद ईस्ट	250		
		123– नासिक ईस्ट	313		
		124– नासिक सेंट्रल	279		
		125– नासिक वेस्ट	290		
		225– अहमद नगर सिटी	259		
क्रम सं.	राज्य का नाम	एसी/पीसी का नाम तथा संख्या	पोलिंग स्टेभान	मतदान की तिथि	निर्माता
हरियाणा विधानसभा क्षेत्र, 2014 के आम चुनावों के दौरान निम्नलिखित विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में **वीवीपीएटी का प्रयोग किया गया**					
13	हरियाणा	13–थानेसर एसी	161	15/10/2014	बीईएल
		21–करनाल एसी	170		
		25–पानीपत सिटी एसी	168		
		31–सोनीपत एसी	144		
		62– रोहतक एसी	145		
		77– गुड़गांव एसी	171		
झारखण्ड विधानसभा क्षेत्र, 2014 के आम चुनावों के दौरान निम्नलिखित विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में **वीवीपीएटी का प्रयोग किया गया**					
14	झारखण्ड	36– बोकारो एसी	566	14/12/2014	बीईएल
		40– धनबाद एसी	424	14/12/2014	
		48– जमभोदपुर ईस्ट एसी	262	2/12/2014	
		49– जमभोदपुर वेस्ट एसी	290	2/12/2014	
		63– रांची एसी	364	9/12/2014	
		64–हटिया एसी	434	9/12/2014	
		65– कारके (एससी) एसी	388	9/12/2014	
जम्मू एवं कश्मीर विधानसभा क्षेत्र, 2014 के आम चुनावों के दौरान निम्नलिखित विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में **वीवीपीएटी का प्रयोग किया गया**					
15	जम्मू एवं कश्मीर	71– गांधी नगर	172	20/12/2014	बीईएल
		72– जम्मू ईस्ट	82		
		73– जम्मू वेस्ट	171		
राश्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली विधानसभा क्षेत्र, 2015 के आम चुनावों के दौरान जनवरी–फरवरी में निम्नलिखित विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में **वीवीपीएटी का प्रयोग किया गया**					
16	राश्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली	38– दिल्ली कैंट	150	7/2/2015	बीईएल
		40– नई दिल्ली	220		

बिहार विधानसभा क्षेत्र, 2015 के आम चुनावों के दौरान अक्तूबर–नवंबर, 2015 में निम्नलिखित विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में **वीवीपीएटी का प्रयोग किया गया**					
क्रम सं.	राज्य का नाम	एसी/पीसी का नाम तथा संख्या	पोलिंग स्टेभान	मतदान की तिथि	निर्माता
17	बिहार	183– कुम्हरार	355	अक्तूबर–नवंबर, 2015	ईसीआईएल
18		182– बांकीपुर	330		
19		181– दीघा	383		
20		230– गया भाहर	227		
21		94– मुजफ्फरपुर	275		
22		83– दरभंगा	258		
23		194– आरा	261		
24		172– बिहारभारीफ	331		
25		118– छपरा	274		
26		105– सिवान	263		
27		156– भागलपुर	301		बीईएल
28		63– कटिहार	228		
29		62– पूर्णिया	258		
30		165– मुंगेर	284		
31		75– सहरसा	312		
32		208– सासाराम	315		
33		146– बेगुसराय	264		
34		223– औरंगाबाद	273		
35		200– बक्सर	256		
36		54– किभानगंज	238		
37		216– जहानाबाद	286		
38		237– नवादा	303		
39		28– सीतामढ़ी	244		
40		133– समस्तीपुर	227		
41		48– फारबिसगंज	279		
42		241– जमूल	259		
43		36– मधुबनी	281		
44		149– खगारा	210		
45		101– गोपालगंज	285		
46		43– सुपौल	240		
47		73– माधेपुरा	272		
48		161– बंका	238		
49		205– बाबुआ	257		
50		19– मोतीहारी	256		
51		132– हाजीपुर	277		
52		8– बेतिया	213		
मिजोरम विधानसभा क्षेत्र, 2015 में उपचुनावों के दौरान निम्नलिखित विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में **वीवीपीएटी का प्रयोग किया गया**					
53	मिजोरम	12– आइजोल एन ई–।।। (एसटी)		21/11/2015	बीईएल

अध्याय – III
भाग-II
न्याय विभाग

<u>सुधार संबंधी उपायों और नीतिगत पहलों का ब्यौरा और ये किस प्रकास से, अन्य बातों के साथ-साथ, वैकल्पिक प्रदायगी तंत्रों, सामाजिक और महिला अधिकारिता आदि के संबंध में मध्यवर्ती परिणामों और अन्तिम परिणामों से संबंधित है:-</u>

(i) न्याय प्रदायगी और विधिक सुधार संबंधी राष्ट्रीय मिशन:

न्याय प्रदायगी और विधिक सुधार संबंधी राष्ट्रीय मिशन की स्थापना अगस्त, 2011 में न्याय प्रणाली में विद्यमान विलंब और बकायों को कम करके न्याय तक पहुंच बढ़ाने और ढांचागत बदलावों एवं निष्पादन संबंधी मानक और क्षमताएं स्थापित करने के माध्यम से जबावदेही को बढ़ाने के दोहरे उद्देश्यों के साथ की गई थीं। मिशन, न्यायिक प्रशासन में बकायों और लंबित रहने को चरणबद्ध तरीके से कम करने की दिशा में एक समन्वित दृष्टिकोण अपना रहा है, जिसमें, अन्य बातों के साथ-साथ, कंप्यूटरीकरण सहित न्यायालयों के लिए बेहतर अवसंरचना, अधीनस्थ न्यायपालिका की नफरी में वृद्धि, अत्यधिक मुकदमेबाज़ी वाले क्षेत्रों में नीतिगत और विधायी उपाय, मामलों के त्वरित निपटान के लिए न्यायालय की प्रक्रिया में अपेक्षित बदलाव लाना तथा मानव संसाधन विकास पर जोर दिया जाना शामिल है। निम्नाँकित योजनाएँ/ कार्यक्रम राष्ट्रीय मिशन के उद्देश्याँ को समर्थित करते हैं।

(क) मिशन मोड परियोजना -(इ-कोर्ट) योजना के रूप में कार्यांवित किए जा रहे जिला और अधीनस्थ न्यायालयों का कम्प्यूटरीकरण इ-कोर्ट मिशन मोड परियोजना चरण-I

इ-कोर्ट मिशन मोड परियोजना देश की जिला/अधीनस्थ न्यायालयों के आईसीटी समर्थकारी के लिए एक राष्ट्रीय गवर्नेंस परियोजना है। परियोजना का उद्देश्य वादियों, वकीलों और न्यायालयों के आईसीटी समर्थकारी के माध्यम से न्यायपालिका के लिए नामित सेवाएं प्रदान करना है।

इ-कोर्ट परियोजना वर्ष 2005 में भारत के सर्वोच्च न्यायालय की समिति द्वारा अनुमोदित 'भारतीय न्यायपालिका में सूचना और संचार प्रौद्योगिकी के कार्यान्वयन के लिए राष्ट्रीय नीति और कार्य योजना' पर आधारित अवधारणा थी। सरकार ने फरवरी. 2007 में 2100 न्यायालय परिसरों में 13,348 जिला और अधीनस्थ न्यायालयों के कम्प्यूटरीकरण के लिए 441.8 करोड़ रुपये की लागत की परियोजना को मंजूरी दी।

सितम्बर 2010 में, सरकार ने 14,249 न्यायालयों के कंप्यूटरीकरण के लिए 31 मार्च 2014 को परियोजना समयसीमा में 935 करोड़ रुपये की परियोजना लागत में संशोधन को मंजूरी दे दी। यह इ-कोर्ट मिशन मोड परियोजना का पहला चरण है। 95% से अधिक गतिविधियों को 30 नवंबर, 2015 तक पूरा कर लिया गया है।

इ-कोर्ट मिशन मोड परियोजना का द्वितीय चरण (नई स्कीम)

जनवरी 2014 में सुप्रीम कोर्ट की ई कमेटी इ-कोर्ट परियोजना के द्वितीय चरण के लिए नीति और कार्य योजना दस्तावेज (इसके बाद 'पॉलिसी दस्तावेज') को मंजूरी दे दी। भारत के माननीय मुख्य न्यायाधीश द्वारा देश के सभी उच्च न्यायालयों के साथ परामर्श से उच्चतम न्यायालय की ई कमेटी द्वारा तैयार और अनुमोदित नीति संबंधी दस्तावेज न्यायालयों के आईसीटी समर्थकारी के आगे बढ़ाने का प्रावधान है। सरकार ने 16 जुलाई 2015 को हुई बैठक में इ-कोर्ट एमएमपी के द्वितीय चरण को मंजूरी दे दी। 1670 करोड़ रुपये की लागत वाली परियोजना को चार साल की अवधि के लिए या परियोजना के पूरा होने तक से, जो भी पहले हो, अनुमोदित किया गया है।

(ख) न्याय तक पहुंच - पूर्वोत्तर और जम्मू-कश्मीर (भारत सरकार की परियोजना)

परियोजना "न्याय तक पहुंच - पूर्वोत्तर और जम्मू एवं कश्मीर" 2012-2017 के पांच साल के लिए 30 करोड़ रुपये की कुल लागत से पूर्वोत्तर के आठ राज्यों (सिक्किम सहित) और जम्मू-कश्मीर में लागू की जा रही है।

परियोजना के उद्देश्य निम्नाँकित हैं:

- समाज के हाशिए पर लोगों और कमजोर वर्गों विशेष रूप से महिलाओं, बच्चों, अनुसूचित जातियों और जनजातीय समुदायों की विधिक जरूरतों का पता लगाना तथा उनके अधिकारों की गारंटी सुनिश्चित करना।
- लोगों की सेवा करने के लिए उनकी क्षमता में सुधार लाने में और आम लोगों को बेहतर सेवाओं की मांग करने और उनके अधिकारों और हकों का उपयोग करने के लिए सशक्त बनाने में सहयोगी न्याय प्रदायगी प्रणाली।
- असुरक्षित आबादी की विधिक जागरूकता बढ़ाने के लिए और निवारण की तलाश करने के लिए अपनी क्षमता को बढ़ाने के लिए नवीन गतिविधियों का समर्थन ।
- नौ परियोजना राज्यों में असुरक्षित आबादी को विधिक सहायता और विधिक सशक्तिकरण करने के लिए विधिक सेवा प्राधिकरणों को समर्थन ।

परियोजना कवरेज

इस परियोजना को 9 राज्यों में चलाया जा रहा है: -

1. अरुणाचल प्रदेश
2. असम
3. मणिपुर
4. मेघालय
5. मिजोरम
6. नगालैंड
7. सिक्किम
8. त्रिपुरा
9. जम्मू और कश्मीर

(ग) "भारत में हाशिए पर लोगो की न्याय तक पहुंच - यूएनडीपी सहायता प्रदत्त बाह्य सहायता प्राप्त परियोजना (ईएपी) एसएजेआई (चरण - द्वितीय)

परियोजना की अवधि: **जनवरी 2013 - दिसंबर 2017** ।

परियोजना राज्य: **बिहार, छत्तीसगढ़, झारखंड, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, उड़ीसा, राजस्थान और उत्तर प्रदेश।**

पृष्ठभूमि

न्याय विभाग, विधि और न्याय मंत्रालय, भारत सरकार यूएनडीपी समर्थन के साथ 'हाशिए के लोगों के लिए न्याय के लिए उपयोग' के बारे में एक परियोजना को लागू कर दिया गया है। परियोजना के प्रथम चरण (2009-2012) में न्याय की आपूर्ति और मांग दोनों पक्षों अच्छी तरह से ध्यान केंद्रित किया गया है और इस प्रयास में, एक सीमा तक हितधारकों की और जमीनी स्तर दोनों पर नीति के स्तर पर हस्तक्षेप को बढ़ावा दिया गया है। परियोजना में 7000 पैरा-विधिक और युवा वकीलों के लिए प्रशिक्षण प्रदान किया गया और 2 लाख लोगों तक पहुँच बनाई गयी और सरलीकृत सूचना, शिक्षा और संचार सामग्री तैयार की गई। यूएनडीपी के समर्थन के साथ परियोजना का एक नया चरण 5 साल (2013-17) की अवधि के लिए शुरू

किया गया है। इस चरण में, इस परियोजना के पिछले चरण में प्राप्त परिणामों को हासिल करने की कोशिश की जा रही है।

परियोजना, प्रयासों के दोहराव से बचने और प्रभाव को अधिकतम करने के लिए राष्ट्रीय साक्षरता मिशन प्राधिकरण, ग्रामीण विकास राज्य संस्थान, लॉ स्कूलों और गैर सरकारी संगठनों सहित अन्य संस्थानों के साथ काम कर रही है। परियोजना मिशन के लक्ष्यों को प्राप्त करने में न्याय विभाग की सहायता के लिए राष्ट्रीय मिशन के लिए एम्बेडेड तकनीकी सहायता भी प्रदान कर रही है।

परियोजना के उद्देश्य (2013-2017):

1. विधिक सेवा प्राधिकरणों को प्रशिक्षित पैनल वकीलों और प्रशिक्षित पैरा-विधिक प्रदान करना।
2. न्याय प्रदायगी और विधिक सुधारों पर राष्ट्रीय मिशन के लिए चयन नीति ढाँचे का विश्लेषण और आकलन पूरा किया। उपेक्षित समूहों के लोगों की विधिक जागरूकता बढ़ाना।
3. साक्षर भारत, एसआईआरडी और विधि स्कूलों के माध्यम से कार्यान्वित विधिक साक्षरता रणनीति और सामग्री।
4. मौजूदा फास्ट ट्रैक न्यायालयों और न्यायिक प्रशिक्षण की प्रभावशीलता में सुधार के लिए ताजा सबूत एकत्र किये गए।

परियोजना आउटपुट - 2015-16

- ✓ न्याय विभाग ने विधिक साक्षरता को सुचारू बनाने के लिए राष्ट्रीय साक्षरता मिशन प्राधिकरण के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। राष्ट्रीय साक्षरता मिशन प्राधिकरण और राज्य संसाधन केन्द्र जयपुर और लखनऊ न्याय तक पहुंच परियोजना के समन्वय से 200 संसाधन व्यक्तियों और 600 प्रेरकों को प्रशिक्षित करने के लिए जा रहा है।
- ✓ पायलट परियोजना एसआईआरडी –उत्तर प्रदेश के साथ बाराबंकी जिले में विधिक जागरूकता पर कार्य शुरू किया गया। विधिक सहायता क्लीनिक हाशिए पर व्यक्तियों के लिए क्रमश: नेशनल लॉ

यूनिवर्सिटी, ओडिशा और टाटा समाज विज्ञान संस्थान (टीआईएसएस) के माध्यम से ओडिशा और महाराष्ट्र में स्थापित किए गए।

- ✓ छत्तीसगढ़ और झारखंड में आवाज आधारित विधिक जानकारी क्योस्क स्थापित किए गए है।
- ✓ परियोजना विभिन्न समुदाय स्तर पर पहल के माध्यम से छत्तीसगढ़ और झारखंड में 34,314 व्यक्तियों तक पहुँच गई है।
- ✓ महिला अनुकूल कोर्ट पर अध्ययन पूरा किया गया ।

(घ) न्याय सुधारों संबंधी कार्य अनुसंधान एवं अध्ययन

न्याय प्रदायगी एवं विधिक सुधारों संबंधी राष्ट्रीय मिशन द्वारा न्याय सुधारों संबंधी कार्य अनुसंधान एवं अध्ययन संबंधी एक योजनागत स्कीम कार्यान्वित की जा रही है। योजना के अंतर्गत न्याय प्रदायगी के क्षेत्र में कार्य अनुसंधान/मूल्यांकन शुरू करने/अध्ययनों की निगरानी करने, संगोष्ठियों/सम्मेलनों/कार्यशालाओं का आयोजन करने, अनुसंधान एवं निगरानी कार्यकलापों के लिए क्षमता संवर्धन, रिपोर्ट/सामग्री के प्रकाशन, अभिनव कार्यक्रमों/क्रियाकलापों के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जा रही है। इस योजना की पात्र कार्यान्वयन एजेंसियों में भारतीय लोक प्रशासन संस्थान (आईआईपीए), एडमिनिस्ट्रेटिव स्टाफ कॉलेज ऑफ इंडिया (एएससी), भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम), भारतीय विधि संस्थान (आईएलआइ), राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय (एनएलयू), नेशनल काउंसिल ऑफ एप्लाईड इकनोमिक रिसर्च (एनसीएईआर), राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी (एनजेए), राज्य न्यायिक अकादमियां (एसजेए) और न्याय प्रदायगी, विधिक शिक्षा और अनुसंधान एवं न्यायिक सुधारों के क्षेत्र में कार्य कर रहे अन्य प्रतिष्ठित संस्थान शामिल हैं। इस योजना के अधीन अब तक 14 अनुसंधान प्रस्ताव / परियोजनाएँ अनुमोदित की गई हैं।

(ii) न्यायपालिका के लिए ढांचागत सुविधाओं के विकास के लिए केन्द्र प्रायोजित योजना (सीएसएस)

केन्द्र सरकार न्यायिक बुनियादी ढांचे के विकास के लिए एक केन्द्र प्रायोजित योजना (सीएसएस) के तहत वित्तीय सहायता जारी करके राज्य सरकारों के संसाधन बढाती है। केन्द्र और राज्य सरकारें 2011 तक योजना के तहत बराबर का हिस्सा योगदान किया करती थीं, लेकिन 2011-12 के बाद फंड का बंटवारा पैटर्न केंद्र सरकार के फंड का 75% योगदान के साथ संशोधित किया गया । उत्तर-पूर्वी राज्यों में राज्यों के मामले में केंद्र सरकार वित्त पोषण का 90% प्रदान करती है। हालांकि इस

योजना के लिए केंद्रीय वित्त पोषण, बजटीय आवंटन के अधीन है। इस योजना के फंड का बंटवारा पैटर्न को अब संशोधित करके 2015-16 से 75:25 से 60:40 (केन्द्र:राज्य) और (8 उत्तर-पूर्वी और 3 हिमालयी राज्यों के लिए 90:10) कर दिया गया है।

(iii) ग्राम न्यायालय

ग्राम न्यायालय अधिनियम, 2008 का अधिनियमन, नागरिकों को उनके घर के पास न्याय तक पहुंच मुहैया कराने के प्रयोजनार्थ बुनियादी स्तरों पर ग्राम न्यायालयों की स्थापना करने के लिए किया गया था। यह अधिनियम, 2 अक्तूबर, 2009 से लागू हुआ। राज्यों को प्रोत्साहित करने के लिए ग्राम न्यायालयों की स्थापना करने हेतु अनावर्ती व्यय के लिए और पहले तीन वर्षों के लिए इन ग्राम न्यायालयों को चलाने हेतु आवर्ती व्यय की लागत को पूरा करने के लिए वितीय सहायता प्रदान की जाती है। आवर्ती और अनावर्ती सहायता, योजना के दिशानिर्देशों में यथा उपबंधित वितीय सीमा के अध्यधीन है।

(iv) विधिक सहायता (राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण) (नाल्सा) योजनेत्तर:

विधिक सहायता (राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण)(नाल्सा) पूरे देश में विधिक सेवा कार्यक्रमों को कार्यान्वित करने के लिए राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरणों के लिए नीतियों, सिद्धान्तों, दिशानिर्देशों का निर्धारण करता है और उसके लिए प्रभावी और किफायती योजनाएं तैयार करता है।

राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, ताल्लुक विधिक सेवा समितियां इत्यादि को नियमित आधार पर निम्नलिखित मुख्य कार्य निष्पादित करने के लिए कहा गया है:

(i) पात्र लोगों को नि:शुल्क और सक्षम विधिक सेवाएं मुहैया कराना;

(ii) विवादों का सुलहनामा से निपटान करने के लिए लोक अदालतों का आयोजन; और

(iii) ग्रामीण क्षेत्रों में विधिक जागरूकता कैम्प आयोजित करना।

(V) कुटुम्ब न्यायालय

कुटुम्ब न्यायालय अधिनियम, 1984 सुलह को बढ़ावा देने और शादी और परिवार के मामलों के साथ ही उससे संबंधित मामलों से संबंधित विवादों के शीघ्र निपटारे को सुरक्षित करने के लिए उच्च न्यायालयों के परामर्श से राज्य सरकारों द्वारा कुटुम्ब न्यायालयों की स्थापना का प्रावधान है। राज्यों को हर जिले में कम से कम एक कुटुम्ब न्यायालय स्थापित करने पर विचार करने के लिए कहा गया है। जानकारी के अनुसार उपलब्ध देश में 438 कुटुम्ब न्यायालय कार्य कर रहे हैं। इस संबंध में एक विवरण **उपाबंध-VII** के रूप में संलग्न है। 2014-15 में गैर-योजना सहायता के रूप में 3.75 करोड़ रुपये की राशि उत्तर प्रदेश की राज्य सरकार को और छत्तीसगढ़ की राज्य सरकार को 1.00 करोड़ रुपये की राशि जारी की गयी थी। 2015-16 के दौरान 3.10 करोड़ रुपए की राशि 31/12/2015 को बिहार की राज्य सरकार को जारी की गई है।

अध्याय-IV
निर्धारित किए गए लक्ष्यों की समीक्षा

पहले से निर्धारित किए गए लक्ष्यों के संबंध में, वर्ष 2014-2015 और चालू वित्त वर्ष 2015-16 की प्रथम तीन तिमाहियों के निष्पादन सहित विगत निष्पादन की समीक्षा । भिन्नता के कारणों सहित भौतिक निष्पादन का विश्लेषण और एक-एक कार्यक्रम के भौतिक लक्ष्य एवं उपलब्धियों को दर्शाते हुए, उसका क्षेत्र एवं उद्देश्य।

(i) न्याय प्रदायगी और विधिक सुधार संबंधी राष्ट्रीय मिशन

